कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 29-01-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा मौनी अमावस्या स्नान व महाकुंभ-2025 के दौरान काशी में श्रद्धालुओं के सहज, सुरक्षित व व्यवस्थित दर्शन हेतु घाट व मंदिर क्षेत्र का भ्रमण/निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिये गये निर्देश।

- **पुलिस आयुक्त द्वारा मौनी अमावस्या स्नान व महाकुंभ-2025 के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं के दृष्टिगत स्नान घाटों, श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र एवं शहर में बनाये गये डायवर्जन प्वाइंटों का भ्रमण/निरीक्षण कर ड्यूटी प्वाइंट पर लगे पुलिसकर्मियों को किया गया ब्रीफ।**
- **श्रद्धालुओं के सहज, सुरक्षित व व्यवस्थित स्नान/दर्शन एवं सुचारू यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा रखी जा रही है निरंतर निगरानी।**
- **श्रद्धालुओं की सुरक्षा व भीड़ प्रबन्धन के दृष्टिगत ड्रोन एवं सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम से की जा रही है नज़र।**
- **पीए सिस्टम के माध्यम से श्रद्धालुओं से लगातार संवाद स्थापित कर किया जा रहा है मार्गदर्शन।**
- **अधिकारीगण पुलिसकर्मियों को मौके पर निरन्तर करें ब्रीफ, श्रद्धालुओं के साथ पुलिसकर्मी रखें विनम्र व सहयोगात्मक व्यवहार।**

आज दिनांक 29.01.2025 को **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल** द्वारा मौनी अवामस्या स्नान पर्व व महाकुंभ-2025 प्रयागराज से भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत स्नान घाटों एवं श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र का भ्रमण/निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के सहज, सुरक्षित व व्यवस्थित स्नान/दर्शन व सुचारू यातायात व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर रस्सा पार्टी बढ़ाने, यातायात प्रबन्धन के लिए ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सीटी, लाउड हेलर व रस्सा के साथ ड्यूटी व पुलिस की निरन्तर पेट्रोलिंग किये जाने के संदर्भ में सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। पुलिस आयुक्त द्वारा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुगम दर्शन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया व दर्शनार्थियों के सहज, सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन एवं मंदिर में लगातार मूवमेन्ट बने रहने के संदर्भ में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री गौरव वंशवाल, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री सरवणन टी. एवं सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।